हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार, 22 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 35.6 डिग्री
न्यूनतम 11.1 डिग्री

9 सबसे ज्यादा एमएसपी पर फसल खरीदने वाला राज्य...



10 होलसेल कपड़ा मार्केट के 250 करोड़ डूबे बॉर्डर खुलने ..



## खबर संक्षेप

### बिना ई-रवाना बिल के तीन वाहन किए जब्त



**करनाल।** हरियाणा सरकार अवैध खनन के खिलाफ कड़े कदम उठा रही है और खनन विभाग भी लगातार इस पर नजर बनाए हुए है। जिला के खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि गत दिवस एचएसईएनबी के स्टाफ एएसआई पवन व हेड कांस्टेबल परविंद्र द्वारा चेकिंग के दौरान मटक माजरी रोड इंद्री, सिविल अस्पताल के पीछे से दो ओवरलोडेड ट्रक व एक ट्रक बिना ई-रवाना बिल के पकड़ा गया। इन वाहनों को थाना पुलिस लाईन में खड़ा करके विभाग की टीम द्वारा सीज कर दिया गया।

### 7 बच्चों को बाल श्रम के चंगुल से मुक्त कराया

**पानीपत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं न्यायिक दंडाधिकारी मीनू के दिशानिर्देशानुसार गैर सरकारी संस्था एमडीडी ऑफ इंडिया ने स्टेट क्राइम ब्रांच, शिक्षा विभाग, बाल कल्याण समिति, जिला कल्याण विभाग, पुलिस विभाग और ब्रेकथ्रू संस्था के सहयोग से बाल श्रम और बच्चों से भिक्षावृत्ति के खिलाफ शिक्षा का हक नई राह नई पहचान अभियान चलाकर असंध रोड मार्केट से 7 बच्चों को बाल श्रम के चंगुल से मुक्त कराया गया। वहीं बाल श्रम और बाल भिक्षावृत्ति के खिलाफ एक जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें बस्तियों और बाजार में रैली निकाली गई और दुकानों पर काम कर रहे 8 से 14 साल की उम्र के 7 बच्चों को मुक्त करवाकर बाल कल्याण समिति में पेश किया गया।

जगाधरी की दुर्गा गार्डन कॉलोनी में वारदात

# कर्ज से परेशान व्यक्ति ने बाथरूम में चुन्नी से फंदा लगाकर की आत्महत्या

- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन को सौंप दिया
- पत्नी व बच्चों के साथ जगाधरी की दुर्गा गार्डन कॉलोनी में किराए के मकान में रहता था मृतक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



जगाधरी की दुर्गा गार्डन कॉलोनी में कर्ज के चलते मानसिक रूप से परेशान व्यक्ति ने घर के बाथरूम में चुन्नी से फंदा लेकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची व शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार दुर्गा गार्डन निवासी विनीता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने पति विकास के साथ 14 साल से कॉलोनी में किराए के मकान में रहती है। उसका पति बर्तनों की फैक्ट्री में मिस्त्री का काम करता था। उसने कई जगह से ऋण लिया हुआ था और कर्जा अधिक हो गया था। वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगा था। उसके पति का मोबाइल फोन भी खो गया था। वीरवार की रात को वह बच्चों के साथ खाना खाकर सो गई। इस दौरान उसका पति टीवी देख रहा था। सुबह जब वह उठी तो बाथरूम में गई। मगर अंदर से बाथरूम का दरवाजा बंद था। उसने अपने पति को काफी आवाजें लगाई। मगर अंदर से कोई उत्तर नहीं मिला। इसके बाद उसने पड़ोसियों को बुलाया और बाथरूम के दरवाजे को तोड़ा। उसने देखा कि उसका पति चुन्नी से लटका हुआ है। उसने अपने पति को नीचे उतारा और उसे अस्पताल लेकर गई। जहां पर डॉक्टरों ने उसके पति को मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी।

### परिजन ने किसी पर शक नहीं जताया

परिजन ने किसी पर कोई शक या आरोप नहीं लगाया है। मामले में बीएनएसएस 194 के तहत कार्रवाई की गई है। -इम्तियाज अली, जांच अधिकारी, अर्जुन नगर चौकी

# करनाल में सरस्वती कुटिया के पुजारी ने युवाओं को विदेश भेजने के नाम पर 22 लाख हड़पे, फरार

- आरोपी 12 साल से सरस्वती कुटिया में रहकर पंडिताई का कर रहा था काम, पुलिस आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर शुरू की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

थाना छप्पर क्षेत्र के गांव दौलपुर मालियान स्थित सरस्वती कुटिया में पूजा पाठ करने वाले देवेंद्र पुरी गोस्वामी युवाओं से विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये हड़प कर फरार हो गया। आरोपी मूल रूप से मध्यप्रदेश के गांव कुटरावली का रहने वाला है। वह पिछले 12 साल से गांव दौलतपुर स्थित सरस्वती कुटिया में पंडिताई का काम कर रहा था। आरोपी ने कुटिया ने पूजा पाठ करने आने वाले लोगों को अपने जाल में फंसा लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। आरोपी के खिलाफ थाना छप्पर में आधा दर्जन मामले दर्ज हो चुके हैं। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। गांव सारन निवासी जयचंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव दौलतपुर मालियान की सरस्वती कुटिया में पूजा अर्चना करने के लिए जाते रहते थे। जहां पर उनकी मुलाकात कुटिया में रहने वाले पंडित देवेंद्र पुरी गोस्वामी के साथ हो गई। आरोपी ने उसे बताया कि वह लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। अगर उनकी नजर में ऐसा कोई युवक हो जो विदेश जाना चाहे उसे बता देना। वह उसे विदेश भेज देगा। उसने आरोपी पर विश्वास करके अपने लड़के रवि सैनी व पुत्रवधू काजल के बारे में बात की। आरोपी ने उसे कहा कि वह दोनों को आस्ट्रेलिया भेज देगा। जिसके लिए करीब छह लाख रुपये का खर्च आएगा। उसने आरोपी पर विश्वास करके उसे अपने बेटे व पुत्रवधू के पासपोर्ट, अन्य दस्तावेज तथा पांच लाख 75 हजार रुपये दे दिए।

सरसों की पहली फसल 5950 एमएसपी मूल्य पर खरीदी गई

# कृषि मंत्री ने रादौर अनाज मंडी में सरसों की खरीद कार्य का जायजा लिया

- आढ़तियों ने बुके देकर कृषि मंत्री का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



**यमुनानगर।** रादौर अनाजमंडी में सरसों की फसल की खरीद का शुभारंभ करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

अनाजमंडी रादौर में शुक्रवार को पहली बार सरसों की सरकारी खरीद का कार्य शुरू किया गया। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने सरसों की फसल खरीद का शुभारंभ कर किसानों को बड़ी सौगात दी। अनाजमंडी संरक्षक मान सिंह आर्य व सुशील बत्रा की देखरेख में आयोजित किए गए कार्यक्रम में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा का मंडी के आढ़तियों ने बुके भेंट कर जोरदार स्वागत किया। नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर फेडरेशन भारत सरकार मैनेजर रेखा मिश्रा ने कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा को पौधा भेंटकर सम्मानित किया। अनाजमंडी में पहली सरसों की फसल किसान यशपाल गांव चमरोडी व प्रेम सिंह निवासी जुब्बल की खरीदी गई। सरसों की पहली फसल 5950 एमएसपी मूल्य पर खरीदी गई। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि सरकारी खरीद का कार्य 15 मार्च से शुरू कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने किसानों की समस्याओं को दूर करने व मांगों को पूरा करने में पूरा सहयोग किया है।

# रादौर: तीन वाहनों की भयंकर टक्कर में ट्रैक्टर-टाली चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



**यमुनानगर।** रादौर में सड़क दुर्घटना के बाद क्रेन से क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर को उठवाते पुलिस कर्मचारी।

गांव छोटाबांस स्थित श्रीराम विचार वाटिका के पास शुक्रवार सुबह तीन वाहनों की आपसी भयंकर टक्कर में एक ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। जबकि ट्रैक्टर पर सवार दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। सूचना मिलने पर रादौर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। सड़क दुर्घटना के कारण एसके रोड पर दोनों ओर लंबी लंबी लाइने लगने से राहगीरों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। लगभग एक घंटा जाम लगने के बाद पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को क्रेन की मदद से सड़क से दूर कर जाम को खुलवाया। पुलिस ने मृतक ट्रैक्टर चालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामला दर्ज कर लिया। शुक्रवार छोटाबांस में एसके रोड पर श्रीराम विचार वाटिका के पास एक ट्राला चालक ने लापरवाही व तेज गति से चलते हुए एक ट्रैक्टर-ट्राली को जोरदार साइड मार दी। दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक शीशपाल निवासी गांव बाता कैथल की मौके पर ही मौत हो गई।



## खबर संक्षेप

### लॉकर तोड़कर लाखों की नकदी और पार्टस चोरी

**यमुनानगर।** शहर के जोडियां के नजदीक फैक्ट्री में घुसकर चोरों ने लॉकर तोड़कर एक लाख 90 हजार रुपये तथा मशीन के पार्ट चोरी कर लिए। चोरी अपने साथ गोदरेज लॉकर भी चोरी करके ले गए। जिसमें पैसे रखे हुए थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार वीना नगर कैंप निवासी विनय गुप्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका जोडियां के नजदीक मोनिका पैकेज के नाम से फैक्ट्री है। वह देर शाम फैक्ट्री से काम खत्म करके ताला लगवाकर घर आ गया था। सुबह जब कर्मचारी जब फैक्ट्री में ताए तो उन्हें ऑफिस का लगा टूटा हुआ मिला। कर्मचारियों ने इसकी सूचना उसे दी। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचा। जांच करने पर ऑफिस का ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने ऑफिस में रखे लॉकर को भी तोड़ा हुआ था। जिसमें से एक लाख 90 हजार रुपये चोरी किए गए थे। इसके साथ ही चोर अपने साथ 80 किलो ब्रास मशीन पार्ट और लॉकर को साथ लेकर गए। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### महिला के गले से झपटा सोने का मंगलसूत्र, केस

**यमुनानगर।** स्नेचरो ने पश्चिमी यमुना नहर की पटरी पर महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र झपट लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात स्नेचरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार शांति कॉलोनी निवासी डिंपल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह वीरवार शाम को पश्चिमी यमुना नहर की पटरी पर सैर करने के लिए गई थी। जब वह गुगा माड़ी के पास पहुंची तो बाइक पर सवार होकर एक युवक आया। आरोपी ने आते ही उसके गले से सोने का मंगलसूत्र झपट लिया और मौके से फरार हो गया। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने आरोपी का पीछा कर उसे पकड़ने का प्रयास किया लेकिन आरोपी भागने में कामयाब हो गए। उसने मामले की सूचना पुलिस का दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। फिलहाल आरोपियों का सुराग नहीं मिला पाया था।

### चोरी के लिए घर में घुसा युवक, जागने पर फरार

**यमुनानगर।** गांव मलिकपुर बांगर में एक युवक घर में चोरी करने के नियत से घुस गया। परिवार के लोग जब जागे तो आरोपी वहां से भाग गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव मलिकपुर बांगर निवासी महाबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 19 मार्च की रात को परिवार के सदस्यों के साथ खाना खाकर सो गया था। इस दौरान उनके गांव का ही विलशन चोरी करने की नियत से उनके घर में घुस गया। जब उसे आवाज सुनाई दी तो उसकी आंख खुल गई। उसे जागा देखकर आरोपी वहां से भाग गया।

## गांव सारन में रात्रि ठहराव कर अधिकारियों ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

# मनरेगा में 90 ग्रामीणों के बनाए जॉब कार्ड बिजली, पानी व कब्जों की आईं शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला प्रशासन ने गांव सारन के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता व जिला पुलिस अधीक्षक राजीव देसवाल समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनी और उनका निस्तारण कराया। रात्रि ठहराव के दौरान उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने शहीद हैड कांस्टेबल पवन कुमार के स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल में शहीद पवन कुमार ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सारन में वर्ष 1979 से 1988 तक शिक्षा ग्रहण की थी। उन्होंने बताया कि कर्मी का भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल में 2 अप्रैल 1992 को कांस्टेबल के पद पर चयन हुआ था तथा 4 दिसंबर 2017 को 54वीं वाहिनी, भालुकपोंग (असम) में कैंप सुरक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मनरेगा स्कीम के 90 जॉब कार्ड बनाए गए।



**यमुनानगर।** गांव सारन में आयोजित रात्रि ठहराव कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते जिला उपायुक्त एवं अन्य अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि।*

### ग्रामीणों ने ऐसे बताई ग्रामीणों को अपनी शिकायतें


देसराज डेरा गुर्जर गांव सारन निवासी ने पेयजल सप्लाई, ऋषि पाल ने गली का निर्माण व नाजायज कब्जा हटवाने की मांग रखी। नरेश पाल ने बिजली के बिल में नाम सही करवाने की मांग रखी। राम कुमार ने बिजली के बिल कम कराने बारे मांग रखी। तेजपाल ने बिजली के बिल में पिता का नाम ठीक करवाने की मांग रखी। दलिप कुमार राणा ने लोहे के बिजली पोल बदलवाने बारे मांग रखी। सोमनाथ ने बिजली का मीटर लगवाने की समस्या रखी। सुखदेव सिंह ने डेरे में बिजली पहुंचाने की मांग रखी। राकेश कुमार ने ट्रांसफार्मर की ब्लेड व तारें ठीक करवाने की मांग रखी। जरनैलो देवी ने कच्चे मकान को पक्का करवाने की मांग रखी। सुखविंदर सिंह ने न्यू ट्रांसफार्मर रखवाने की मांग रखी। बेबी और गीता देवी ने हरिजन बस्ती में पानी के पाइप लाइन डलवाने की मांग रखी। सतपाल ने जमीन पर नाजायज कब्जा छुड़वाने बारे मांग रखी। लक्ष्मण दास ने बिजली के मीटर व कृष्णा देवी ने दीन दयाल योजना के तहत गरीब परिवार के मृत व्यक्ति के बाद लाभ लेने बारे में मांग रखी। बलजिंदर कौर ने मकान की मरम्मत के बारे मांग रखी। परमजीत कौर ने पोती के पालन पोषण के लिए सरकारी योजना का लाभ लेने बारे मांग रखी।

### अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीणों ने अधिकारियों के सामने अपनी समस्याएं रखीं। जिनमें बिजली, पानी, गली निर्माण और अवैध कब्जों इत्यादि से संबंधित शिकायतें मिली। अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। पेंडिंग शिकायतों का संबंधित अधिकारियों को यथाशीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। ताकि लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान हो और सरकार द्वारा शुरू की गई यह नई पहल लोगों के लिए कारगर साबित हो सके। इस मौके पर जगाधरी के एसडीएम सोनू राम, सीईओ जिला परिषद विरेन्द्र सिंह ढुल, सीटीएम पीयूष गुप्ता, डीएसपी राजेश कुमार, डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह, डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी श्यामलाल शर्मा, सारन गांव की सरपंच कुमारी मधु बाला आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** गांव सारन में रात्रि ठहराव के दौरान अधिकारियों के सामने अपनी शिकायतें रखते ग्रामीण।



### भाषण में वालिस खान व पोस्टर में मोहिबुल्लाह आलम रहे प्रथम

■ निबंध प्रतियोगिता में आदित्य प्रकाश रहे प्रथम

**रादौर।** ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी नाचरौन(रादौर) में विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष में विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के आयोजन करने का मुख्य उदेश्य विद्यार्थियों में मौखिक स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना और उनके समग्र स्वास्थ्य के प्रति सजगता बढ़ाना रहा। प्राचार्य डॉ. अश्वनी ढींगरा ने बताया कि कार्यक्रम में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में वालिस खान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रस्तुति में एमडी मोहिबुल्लाह आलम प्रथम रहे। स्लोगन लेखन में सलमान खान और निबंध लेखन में आदित्य प्रकाश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वाद विवाद प्रतियोगिता में अनुज, आरुषि, महक, एमडी, अमन, चंदन कुमार और आदित्य प्रकाश ने शानदार प्रदर्शन कर विजयी स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.अश्वनी ढींगरा ने सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को बधाई दी और कहा कि मौखिक स्वास्थ्य को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। जबकि यह हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस प्रकार के आयोजन न केवल विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाते हैं। बल्कि उन्हें समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु प्रेरित भी करते हैं। कार्यक्रम का समापन प्रेरणादायक वातावरण में हुआ। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह और नई जागरूकता के साथ भाग लिया। संस्थान ने भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## चोरों ने सूने घर में घुसकर चुराई हजारों की नकदी और आभूषण

■ पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज गांव नाभ गांव की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव नाभ में चोरों ने रात को घर घुसकर 52 हजार रुपये और सोने तथा चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार के सदस्य घर का ताला लगाकर किसी काम से बाहर गए थे। वापस लौटने पर चोरी का पता चला। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव नाभ निवासी सुनील कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 19 मार्च को रात साढ़े नौ बजे घर का ताला लगाकर परिवार के सदस्यों के साथ बाहर गया था। रात को साढ़े 11 बजे जब वह वापस लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से अलमारी में रखे 52 हजार रुपये, सोने का मंगलसुत्र, सोने की तीन अंगूठियां, एक जोडी कानों की बालियां, चार जोडी पाजेब व अन्य आभूषण गायब मिले। उसने बताया कि चोरी हुए आभूषणों की कीमत करीब ढ़ाई लाख रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### दुकान के गल्ले से सात हजार रुपये की चोरी

बूडिया निवासी सचिन ने बताया कि उसकी गांव में ही दुकान है। वह दोपहर डेढ़ बजे दुकान बंद करके घर खाना खाने के लिए चला गया था। करीब आधे घंटे बाद जब वह खाना खाकर दुकान पर आया तो दुकान के गल्ले का लॉक टूटा हुआ था। गल्ले में रखे पर्स से सात हजार रुपये गायब थे। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## ग्रीवेंस की बैठक में 15 शिकायतों का समाधान

■ मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने की बैठक की अध्यक्षता, बैठक में रखी गई थी कुल 16 शिकायतें, एक पेंडिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक शुक्रवार को मंत्री कृष्ण कुमार बेदी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में रखी 16 शिकायतों में से 15 का मौके पर ही समाधान समाधान किया। एक आगामी बैठक तक हल करने के निर्देश दिए। इस मौके पर मौके पर जिला परिषद के चेयरमैन रमेश ठसका, भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, उपायुक्त पार्थ गुप्ता, एसपी राजीव देसवाल, नगर निगम के आयुक्त आयुष सिन्हा, सीईओ जिला परिषद वीरेन्द्र सिंह ढुल, जगाधरी के एसडीएम सोनू राम, रादौर के एसडीएम नरेन्द्र कुमार, छछरौली के एसडीएम रोहित कुमार, बिलासपुर के एसडीएम जसपाल सिंह गिल, सीटीएम पीयूष गुप्ता इत्यादि अधिकारी मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** ग्रीवांस की बैठक में शिकायतें सुनते मंत्री कृष्ण कुमार बेदी। फोटो : हरिभूमि

### डिस्पेंसरी की जमीन पर मकान, हड्डी रोडा की जगह बनाई दुकानें

जनपरिवाद में 16 शिकायतें रखी गई। जिनमें से एक को छोड़कर अधिकतर का समाधान कर दिया गया। शिकायत तीन में रोबिन चौधरी सेवक नगर जगाधरी ने सरकारी डिस्पेंसरी की जगह पर मकान बनाने और शिकायत पांच में जयपाल निवासी गांव रपौली ने सरपंच द्वारा हड्डी रोड़ की जमीन पर नाजायज कब्जा कर दुकान व दफ्तर बनाने का काम रूकवाने की मांग की। शिकायत 6 में योगेश शर्मा निवासी फरीदाबाद ने प्रार्थना-पत्र बराये किए जाने कैन्सल रजिस्ट्री बैयनामा वसीका व शिकायत 7 में हरिराम निवासी मोहन नगर जगाधरी ने प्रॉपर्टी टैक्स भरने के बाद भी बकाया रकम दिखाने की मांग रखी। शिकायत 8 में शिव कुमार शर्मा निवासी खेड़ा मंदिर जगाधरी ने श्रीखेड़ा बाबा मंदिर धर्मशाला के चारों और पड़ा हुआ कूड़ा-कर्कट व मलबे की सफाई बारे, परिवाद नम्बर-9 में नरेन्द्र पाल निवासी गांव पिंजौरी ने छप्पर थाने में दर्ज चोरी की शिकायत में अपने आभूषण दिलवाने की मांग रखी। शिकायत 10 में सोनम पुत्री जितेन्द्र कुमार डंग मेन बाजार पट्टद्धी तहसील भटवाड़ी उत्तर काशी उत्तराखंड ने कोर्ट के का पालन नहीं होने की शिकायत दी। शिकायत 11 में शकुंतला निवासी ओल्ड हैबतपुर गौतम बुद्ध नगर ने बिजली बिल मीटर व शिकायत 12 में गौरव यादव निवासी लाजपत नगर ने तुरंत प्रभाव से डिपो धारक जसविंदर कौर वार्ड नम्बर-15 में लाजपत नगर व अटेचमेंट विजय कॉलोनी रमन कुमार डिपो के स्टॉक की जांच की मांग की। शिकायत 13 में मतलूब निवासी जगाधरी जय सिंह, जॉनी, अशोक कुमार, राजीव कुमार, तरूण कुमार, बनारसी गांव बुड़ियां बाबत गैर कानूनी रूप से बिना सीएलयू व एनओसी लिए मुस्तरका खेती की जमीन में प्लाटिंग करके कॉलोनी बनाने से रोकने बारे, परिवाद नम्बर-14 में सुशांत सिंह निवासी गांव मेहर माजरा ने हिमगिरी इंटरप्राईजिज, हिमगिरी स्क्रीनिंग प्लांट, एमएलडी.412 बारे अवैध माईनिंग करके मेटेरियल इकट्ठा करके अवैध रूप से खरीदने व बेचने को रोकने बारे, परिवाद नम्बर-15 में सरपंच ग्राम पंचायत नाहरपुर व अन्य ग्रामवासी ने गांव नाहरपुर में आश्रम के नजदीक लगाए गए शराब के खुर्दा को हटवाने बारे, परिवाद नम्बर-16 में मोहम्मद कुर्बान गंगा नगर कॉलानी जगाधरी ने यूको बैंक शाखा जगाधरी के मैनेजर संबंधित अधिकारी की शिकायत बारे शिकायत दी थी।

## छात्राओं ने कंपोस्ट पिट से खाद बनाने की प्रक्रिया सीखी

■ आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जगाधरी में स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के तहत कार्यक्रम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग के लिए नगर निगम यमुनानगर द्वारा रोजाना विभिन्न गतिविधियां की जा रही है। इसी कड़ी में निगम की टीम ने शुक्रवार को आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जगाधरी में महिलाओं व छात्राओं को होम कंपोस्ट पिट के माध्यम से खाद बनाने की प्रक्रिया सिखाई।

निगमायुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में निगम टीम की वक्ता मीनाक्षी ने छात्राओं को बताया कि इस प्रक्रिया में हम किचन वेस्ट या बागवानी कचरे को इकट्ठा करते हैं और उसे कंपोस्ट पिट में डालकर खाद तैयार करते हैं। उन्होंने बताया कि कंपोस्ट पिट में खाद बनाने की प्रक्रिया एक सरल और प्रभावी तरीका है। जिससे हम अपने आसपास के पर्यावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बना सकते हैं। इस प्रक्रिया में हम किचन वेस्ट को इकट्ठा करते हैं और उसे कंपोस्ट पिट में डालते हैं। इसके बाद हम उसमें मिट्टी और अन्य आवश्यक तत्व मिलाते हैं और उसे नियमित रूप से पलटते हैं। मीनाक्षी ने बताया कि इस प्रक्रिया से हमें एक उच्च गुणवत्ता वाली खाद मिलती है। जो हमारे पौधों के लिए बहुत फायदेमंद होती है। इसके उपयोग हम अपने घर व स्कूल प्रांगण में लगे पौधों में डालकर पर्यावरण संरक्षण में भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। ब्रांड एंबेसडर व निगम की टीम ने स्कूल प्रधानाचार्या सविता शर्मा को कंपोस्ट पिट वितरित किया और स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में सहयोग देने के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में टीम सदस्य मीनाक्षी को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उप प्रधानाचार्या मीनाक्षी अग्रवाल, नीलम शर्मा, रजनी बक्शी, अंजू, निर्मला, ममता, रेणु, गीता, ज्योति, मोनिका, मीनू चसवाल, कविता व स्नेहा इत्यादि भी मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** कार्यक्रम में प्राचार्य को कंपोस्ट पिट भेंट करते हुए निगम की टीम के सदस्य।

### रंजिश में गंडासी और डंडों से किया हमला, छह पर केस

**यमुनानगर।** गांव मारवा कलां में रंजिश के चलते आधा दर्जन लोगों ने गांव के ही रूप सिंह पर गंडासी व डंडों से हमला कर घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव मारवा कलां निवासी रूप सिंह ने बिलासपुर पुलिस को बताया कि उसका कुछ दिन पहले गांव के ही मोनू राणा से किसी बात पर विवाद हुआ था। 19 मार्च को शाम काम से जाते समय मोनू से फिर बहस हो गई। जिसके बाद उसने अपने साथी चिंकी, विकास, सुभाष, रैंचो व शेरू के साथ मिलकर गंडासी व डंडों से हमला कर दिया।शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।



### लड़कियां हमेशा रहें जागरूक : नीलम

**रादौर।** ज्योतिबा फुले सरकारी कॉलेज रादौर में शुक्रवार को साइबर, महिला सुरक्षा एवं जागरूकता नामक विषय पर कार्यकारी प्राचार्य प्रो. सतपाल की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। एएसआई नीलम व सिपाही पूनम ने छात्र-छात्राओं को विविध प्रकार के अपराधों एवं उनसे बचाव बारे विस्तार पूर्वक चर्चा की। नीलम ने बताया कि अपराध की दुनिया में लड़कियों को हमेशा जागरूक रहना होगा। हमें अपने रिश्ते विश्वसनीय बनाने होंगे। विशेषकर युवाओं को नशे की बुरी आदत से दूर रहना चाहिए। लड़कियों को अपने साथ घटित होने वाले अपराधों को दबाना नहीं चाहिए बल्कि 112 नंबर एप, ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा व दुर्गा शक्ति को तुरंत सूचना देकर अपनी सुरक्षा की पहल करनी चाहिए। प्रो.सतपाल ने कहा कि बढ़ते हुए अपराधों को देखते हुए आज महिलाओं की सुरक्षा बहुत जरूरी है। इस मौके पर प्रो.शमा, प्रो.रीना, प्रो.रीतू नरवाल, प्रो.रीतू बेनीवाल इत्यादि मौजूद रहे।

## बाजारवादी दौर में उपभोक्ताओं का जागरूक होना जरूरी: सौरभ चंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

डीएवी गर्ल्स कॉलेज में विश्व उपभोक्ता दिवस मनाया गया। भारतीय मानक ब्यूरो के डिप्टी डायरेक्टर सौरभ चंद्र व नीरज कुमार तथा स्टैंडर्ड प्रमोशन ऑफिसर आरती चौधरी, जिला उपभोक्ता विवाद निवारण ऑर्डिनेटर डॉ. जेएल गुप्ता, डीएवी विवि जालंधर की पूर्व रजिस्ट्रार डॉ. सुषमा आर्य ने भाग लिया। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. सुरिंद्र कौर व कनवीनर निशी ग्रोवर व विवेक ने संयुक्त रूप से की। डेक्लामेशन, पोस्टर व स्लोगन राइटिंग के विजेता सम्मानित किए।



**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज के कार्यक्रम में खुशी मनाते पुरस्कार विजेता।

### ये रहे प्रतियोगिता के विजेता, किए सम्मानित

डेक्लामेशन कंपीटिशन में एम कॉम अंतिम वर्ष की हरमनदीप कौर ने पहला, बी कॉम अंतिम वर्ष की रीतिका ने दूसरा तथा बी कॉम द्वितीय वर्ष की शिप्रा ने तीसरा स्थान अर्जित किया। पोस्टर मेकिंग में बीएससी प्रथम वर्ष की तन्वी ने पहला, बी कॉम प्रथम वर्ष की परिधि ने दूसरा तथा सुमाक्षी ने तीसरा स्थान अर्जित किया। स्लोगन राइटिंग में बी कॉम द्वितीय वर्ष की साक्षी ने पहला, जहान्वी ने दूसरा तथा प्रथम वर्ष की वैशाली ने तीसरा स्थान अर्जित किया।

**किसने क्या कहा:** सौरभ चंद्र ने कहा की आज के बाजारवादी दौर मे उपभोक्ता का जागरूक होना बहुत जरूरी है पूंजीवाद के इस युग मे एक उपभोक्ता के नजरिए से आप को हर मोर्चे पर सजग रहना चाहिए। उपभोक्ता को अपने अधिकारों का पता होना जरूरी है। डॉ. जेएल गुप्ता ने कहा कि उपभोक्ताओं को इस दौर मे चलते कालाबाजारी, जमाखोरी ओर जालसाजी से जागरूक करना है। कई बार उपभोक्ता ख़रीदारी करते हुए जल्दबाजी करता है। कॉलेज सुरिंद्र कौर ने कहा कि उपभोक्ता अपने अधिकारों को पहचाने। हम सब मिलकर उपभोक्ता के रूप मे अपने अधिकारों एवं जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक होने का संकल्प ले। डॉ. अनीता मोदगिल, शालिनी छाबडा, पूजा सिंदवानी, डॉ. शिखा व डॉ. मधु का सहयोग रहा।

## डीसी ने अधिकारियों के साथ बैठक कर की तैयारियों की समीक्षा

# गेहूं खरीद से पहले पुख्ता करें सभी तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

अनाज मंडियों में एक अप्रैल से शुरु हो रही गेहूं खरीद को लेकर जिला सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने की। उन्होंने जिला की अनाज मंडियों में गेहूं खरीद को लेकर किए जा रहे इंतजामों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि जिले की सभी मंडियों में एक अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू हो जाएगी। सभी मंडियों में फसल खरीद व किसानों की सुविधा के लिए प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे मंडियों में अपनी फसल को सुखा कर लाएं। सरकार द्वारा निर्धारित नमी का ही आंकलन करें और रबी वर्ष 2025 में गेहू का समर्थन मूल्य 2425 प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि जो किसान मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर फसल की रजिस्ट्रेशन दर्ज करवाने से वंचित रह गए थे। उनके लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा का पोर्टल 27 मार्च तक खुला है। जिस भी किसान की फसल पोर्टल पर दर्ज नहीं है वह पोर्टल पर फसल का ब्यौरा दर्ज करवा ले।




**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित बैठक में दिशा निर्देश देते हुए डीसी।

### मंडियों में किसानों को नहीं होने देंगे परेशानी

डीसी पार्थ गुप्ता ने अधिकारियों को गेहूं खरीद के समय किसी भी किसान को मंडी में कोई भी दिक्कत नहीं आने देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंडियों में किसान की फसल की खरीद समय पर हो और उठान भी समय पर हो। ताकि सीजन के समय मंडी में भीड़ भाड़ न हो। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी खरीद एजेंसियों के प्रबंधकों को निर्देश दिए कि वह खरीद सीजन के दौरान खाद्यान्न का सुरक्षित भण्डारण सुनिश्चित करें।

उन्होंने प्रबन्धक भारतीय खाद्य निगम को निर्देश दिए कि खरीद सीजन के दौरान मंडियों से खाद्यान्न का अधिक से अधिक उठान सीधे तौर पर रेल मूवमेंटध्रोड मूवमेंट में सुनिश्चित किया जाए। इस संबंध में प्रबंधक भारतीय खाद्य निगम द्वारा आश्वस्त किया गया कि खाद्यान्न के उठान हेतू माह अप्रैल व मई में 20-20 रेलगाड़ी स्पेशल उपलब्ध करवा दी जाएंगी तथा इसके साथ साथ रोड मूवमेंट में भी उठान करवाया जाएगा। इसके अतिरिक्त उपायुक्त द्वारा निर्देश दिए गऐ कि रबी वर्ष 2025-26 के लिए मंडियों से खाद्यान्न के उठान व सुरक्षित भंडारण हेतु मंडी वाइज श्रम एवं ढुलाई तथा परिवहन टेंडर समय रहते फाईनल करते हुऐ ठेकेदार नियुक्त किए जाएं।

वहीं, उन्होंने मार्किट कमेटी के सचिव को निर्देश दिए कि वह मंडी में आम मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था रखें। बैठक में बिलासपुर के एसडीएम जसपाल सिंह गिल, जगाधरी के एसडीएम सोनू राम,रादौर के एसडीएम नरेन्द्र कुमार व डीएसपी कवलजीत सिंह सहित अधिकारी व कर्मचारी और पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## मुख्यमंत्री 23 को करेंगे योजना का शुभारंभ

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 23 मार्च को दोपहर 12 बजे हरियाणा कला परिषद के सभागार से आबकारी एवं काराधान विभाग की एकमुश्त व्यवस्थापन योजना का शुभारंभ करेंगे। उपायुक्त नेहा सिंह ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कार्यक्रम को लेकर पुलिस विभाग सुरक्षा व्यवस्था, नगर परिषद स्वच्छता, जनस्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, हरियाणा कला परिषद के साथ-साथ अन्य विभाग सम्बन्धित सभी तैयारियां समय रहते पूरी करेंगे।

## खाटू श्याम के जयकारों से गूंजेगी पिहोवा नगरी

**पिहेवा।** 23 मार्च रविवार को पिहोवा नगरी में बाबा श्याम का भव्य जागरण होगा और विशाल निशान यात्रा निकाली जाएगी। जागरण को लेकर पिछले कई दिन से श्री खाटू श्याम सेवा समिति द्वारा तैयारियां चल रही हैं। समिति के संरक्षक रवि जिंदल, संदीप गर्ग और सोनू सिंगला ने बताया कि कार्यक्रम कि सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। जागरण से पहले श्याम परिवार द्वारा एक विशाल पैदल निशान यात्रा शहर से गुजरती हुई बाबा के पंडाल तक पहुंचेगी। । उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे बाबा श्याम का आशीर्वाद लेने अवश्य पहुंचें।

## अस्पताल के पॉवर सप्लाई बॉक्स में लगी आग

**कुरुक्षेत्र।** शुक्रवार शाम को एलएनजेपी अस्पताल के पॉवर सप्लाई बॉक्स में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। वही पॉवर सप्लाई बॉक्स में आग लगने से अस्पताल की बिजली सप्लाई भी बाधित हुई। अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारियों ने आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड कर्मियों को दी। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। बिजली सप्लाई बॉक्स में आग लगने से बॉक्स की सारी तारें जलकर राख हो गई।

## कुरुक्षेत्र में 21 अप्रैल को पहुंचेगी साइक्लोथॉन

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि नशा मुक्त हरियाणा का संदेश लेकर साइक्लोथॉन की दूसरी यात्रा कुरुक्षेत्र के गांव और शहरी क्षेत्र में पहुंचेगी। इस साइक्लोथॉन में पूरे प्रदेश में 50 लाख से ज्यादा लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## बिहार दिवस के मौके पर स्नेह मिलन कार्यक्रम कल

**कुरुक्षेत्र।** बिहार दिवस के मौके पर एक स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन 23 मार्च को किया जाएगा। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री नायब सैनी शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बिहार सरकार में गन्ना मंत्री कृष्ण नंदन पासवान होंगे। जिला मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स ने बताया कि आयोजन के दौरान बिहार की सांस्कृतिक धरोहर और विकास की दिशा पर चर्चा होगी।



## धनखड़ का भाजपा कार्यालय में स्वागत

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने कुरुक्षेत्र भाजपा कार्यालय में शिरकत की। मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स ने बताया कि भाजपा के जिलाध्यक्ष तेजिन्द्र सिंह गोल्डी ने राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ का स्वागत करते हुए उन्हें एक शाल ओढ़ाकर व कृपाण देकर स्वागत किया। ओम प्रकाश धनखड़ ने कार्यकर्ताओं से पार्टी के लिए मेहनत करने की अपील की और आने वाले चुनावों में भाजपा की सफलता के लिए सभी को प्रेरित किया। उन्होंने पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने के लिए कार्यकर्ताओं को उत्साहित किया। इस अवसर पर जसविंद्र सैनी, जिला मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स आदि मौजूद रहे।

### कृषि मंत्री ने लाडवा अनाजमंडी का औचक निरीक्षण किया

# ज्यादा फसलें एमएसपी पर खरीदने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य

- तीन फसलों के खरीद कार्य में किसानों और व्यापारियों को रत्ती भर भी दिक्कत नहीं आने दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज. लाडवा



लाडवा। अनाज मंडी का निरीक्षण करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हरियाणा देश का प्रथम राज्य है, जहां पर किसानों की सबसे अधिक फसलें एमएसपी पर खरीदी जा रही है, इसके साथ-साथ बीज खाद कृषि यंत्रों पर सरकार द्वारा किसानों को अनुदान राशि भी प्रदान की जाती है। अहम पहलू यह है कि मंडियों में सरसों के साथ-साथ अन्य फसलों के खरीद कार्य में किसानों और व्यापारियों को दिक्कत नहीं आने दी जाएगी।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा शुक्रवार को लाडवा अनाजमंडी में औचक निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। यहां पर कृषि मंत्री ने सरसों की खरीद कार्य का जायजा लिया। इस दौरान कृषि मंत्री ने किसानों, व्यापारियों से बातचीत कर खरीद कार्य के बारे में फीडबैक ली और कृषि मंत्री ने अधिकारियों को आदेश दिए कि किसानों को फसल बेचने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं आनी चाहिए और जल्द से जल्द किसानों की फसल खरीदी जाए। इस मामलें में अगर किसी अधिकारी, कर्मचारी ने लापरवाही बरती तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। इसके साथ ही अधिकारियों मंडियों में किसानों, व्यापारियों और मजदूरों के लिए तमाम सुविधाएं और व्यवस्थाएं करवाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि कृषि मंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर उनकी सोच हमेशा किसान हित की रही है, क्योंकि वह स्वयं भी किसान परिवार से जुड़े हुए हैं और किसानों की समस्याओं से भली भांति परिचित हैं।

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी किसानों की समस्याओं के प्रति गंभीर हैं और सरकार का प्रयास है कि जनहित की योजनाओं का लाभ किसान के साथ-साथ हर वर्ग को मिले। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सैनी के कुशल नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश विकास के साथ-साथ हर क्षेत्र में देश के अन्य राज्यों से सबसे आगे है।

### 24 फसल खरीदी जा रही हैं एमएसपी पर

कृषि मंत्री ने कहा कि हर वर्ग के हित को ध्यान में रखकर विकासात्मक योजनाएं बनाई गई। हरियाणा सरकार हर वर्ग को साथ लेकर सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की नीति पर काम कर रही है। इस प्रदेश में किसानों की सभी 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदने का काम किया जा रहा है और किसानों को फसल प्रबंधन के लिए यंत्र सब्सिडी पर उपलब्ध करवाए जा रहे है। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि खेती की दूसरी विधि जैविक खेती में गोबर का प्रयोग होता है इसमें जो केंचुआ होता उसे विदेश से खरीद किया जाता है और वह केंचुआ केवल गोबर ही खाता है मिट्टी नहीं खाता, इसी प्रकार खेती की तीसरी विधि प्राकृतिक खेती का जो केंचुआ है, वह हमारी मिट्टी में पहले से ही मौजूद है और वह मिट्टी व गोबर खाता है। देशी गाय जब गोबर करती है तो उस गोबर में एक दिन बाद उठाने पर सुराख मिलते हैं, ऐसा इसलिए होता है कि केंचुआ धरती में से ऊपर आकर उस गोबर से अपनी खुराक लेकर फिर धरती में चला जाता है। इसलिए केंचुए द्वारा धरती में किए गए सुराख के माध्यम से बरसात के दिनों में पानी हमारी धरती में चला जाता है।

### प्राकृतिक खेती बहुत जरूरी

कृषि मंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती देश के हर नागरिक के लिए बहुत जरूरी है। प्रदेश के वर्ष 2025-2026 के बजट में सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती के क्षेत्र को 25 हजार एकड़ से बढाकर एक लाख एकड़ करने का लक्ष्य रखा गया है। निश्चित तौर से प्राकृतिक खेती करने से लोगों को जहरमुक्त अनाज व पशुओं को घास मिलेगा और हमें बीमारियों से भी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती में रासायनिक उर्वरकों तथा कीटनाशकों का प्रयोग नहीं होता है, बल्कि प्रकृति में आसानी से उपलब्ध होने वाले प्राकृतिक तत्वों तथा जीवाणुओं के उपयोग से खेती की जाती है। यह पद्धति पर्यावरण के अनुकूल है तथा फसलों की लागत कम करने में कारगर है।

## हरियाणा रोडवेज जागृति मंच ने मांगों को लेकर की बैठक



**रोहतक।** बैठक में मौजूद हरियाणा रोडवेज जागृति मंच के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा रोडवेज जागृति मंच रजिस्टर्ड नंबर 2089 कुरुक्षेत्र डिपो कमेटी द्वारा एक मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग का संचालन डिपो सचिव प्रदीप जांगड़ा ने किया और मीटिंग की अध्यक्षता डिपो प्रधान नरेश सैनी ने की। मीटिंग के दौरान राज्य महासचिव राजबीर सैनी भी मौजूद रहे। मीटिंग में चालक परिचालक तथा डिपो स्तर के सभी आवश्यक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। डिपो सचिव प्रदीप जांगड़ा ने बताया कि सभी 2016 में नियुक्त की 2020-23 की एलटीसी का भुगतान शीघ्रातिशीघ्र किया जाए। चालक परिचालकों का ओवर टाइम व रात्रि भत्ता प्रतिमास किया जाए। हरियाणा सरकार द्वारा विभाग के लिए लाई जाने सभी बसों में आगे पीछे कैमरा, दोनों खिड़की प्रैशर की तथा डीजल टैंक 400 लीटर करने, गर्मियों में कैम्पर रखने की जगह के लिए मुख्यालय को पत्र लिखा जाए। डिपो प्रधान नरेश कुमार ने कहा कि बुकिंग ब्रांच कुरुक्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों को सही वातावरण में ड्यूटी करने के लिए एक रोशनदान और एग्जैस्ट फैन लगवाया जाए। राज्य महासचिव राजबीर सैनी ने बयान जारी करते हुए कहा अगर 8 अप्रैल 2025 तक दिया गए मांग पत्र के अनुसार अगर जीएम द्वारा कोई भी कार्यवाही ना करके अगर चालक परिचालकों कर्मचारियों उनके देय लाभ नहीं दिए गए तो 9 अप्रैल को यूनियन को मजबूरी वश धरना करने पर मजबूर होना पड़ेगा जिसकी पूरी जिम्मेवारी कार्यालय के अधिकारियों की होगी। मीटिंग में डिपो कमेटी से विक्की तोमर, धर्मबीर ग्रोवर, रणबीर सहारण, विक्रम सिंह, महेंद्र पाल, सुनील कुमार, सतनाम सिंह, पवन चोरकारसा, राकेश कुमार, पवन राहड़ा, महेश कुमार, राकेश नागवान, सुमेरदास, विजय भाटिया, वीरभान, कप्तान सिंह, विनोद, कुलदीप, बलवंत, सुनील हथिरा, धर्मवीर, रवीन्द्र, वेदपाल, गुलशन, बलबीर सिंह, सुशील कटारिया तथा अन्य कर्मचारी साथी मौजूद रहे।

# गुरुकुल पहुंची आदित्य बिरला ग्रुप की चेयरपर्सन राजश्री बिरला

- राज्यपाल आचार्य देवव्रत के साथ गुरुकुल कुरुक्षेत्र की अत्याधुनिक गोशाला, विद्यालय भवन, एन.डी.ए. ब्लॉक, आष महाविद्यालय सहित सभी प्रकल्पों का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा स्थापित गुजरात विद्यापीठ के मंडल की वर्ष 2024-25 की चौथी बैठक गुरुकुल कुरुक्षेत्र के सभागार में सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता विद्यापीठ के कुलाधिपति एवं गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने की। गुजरात विद्यापीठ मंडल की। इस अहम बैठक में कुलपति डॉ. हर्षद पटेल, ट्रस्टी एवं आदित्य बिरला ग्रुप की चेयरपर्सन राजश्री बिरला, गुजरात के पूर्व शिक्षा मंत्री एवं मंडल के टस्टीश्री भूपेन्द्र सिंह चुडासमा सहित सभी ट्रस्टी आयशाबहन पटेल, विशाल भादानी, चंद्रवदन शाह, सुरेश रामानुज, दिलीप ठाकर, श्री कृष्णा कलकर्णी मौजूद रहे। गुरुकुल पहुंचने पर राजश्री बिरला का आचार्य देवव्रत एवं लेडी गर्वनर श्रीमती दर्शना देवी ने पुष्प-गुच्छ देकर स्वागत किया। राज्यपाल ने स्वयं अतिथियों को गुरुकुल की अत्याधुनिक गोशाला व अन्य प्रकल्पों का भ्रमण कराया। उन्होंने बताया कि एच.एफ. गाय का अधिकतम दूध 54 लीटर प्रतिदिन है। गोशाला से मिलने वाले गोमूत्र और गोबर का पूरा इस्तेमाल प्राकृतिक खेती हेतु जीवामृत व घनजीवामृत बनाने में होता है।

## लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा समाधान

**कुरुक्षेत्र।** उपमंडल अधिकारी अमन कुमार ने कहा कि एक ही छत के नीचे लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के लिए समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इतना ही नहीं समाधान शिविर आमजन के लिए वरदान साबित हो रहा है। इन समाधान शिविरों के माध्यम से कोई भी नागरिक किसी भी विभाग से सम्बन्धित समस्या को रख सकता है और उनका मौके पर समाधान करवा सकता है।

एसडीएम अमन कुमार शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में प्रशासन की तरफ से लगाए गए समाधान शिविर में बोल रहे थे। इससे पहले एसडीएम अमन कुमार व सदस्य रामपाल पाली ने विभिन्न विभागों और क्रिड विभाग से सम्बन्धित 55 समस्याओं को सुना और इनमें से 45 समस्याओं का मौके पर समाधान किया है तथा शेष समस्याओं का समाधान करने के लिए सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है।

## टीबी को समाप्त करने के लिए करने होंगे सामूहिक प्रयास : डा. संदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

मोहड़ी स्थित आदेश मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में विश्व टीबी दिवस के उपलक्ष्य में (सीएमई) कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जिसमें कुरुक्षेत्र के डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. संदीप अग्रवाल ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की और अपना सम्बोधन दिया। डा. संदीप अग्रवाल ने कहा कि टीबी के वैश्विक बोझ और इसके उन्मूलन की दिशा में प्रगति में तेजी लाने के लिए सभी को एकजुटता के साथ प्रयास करना है।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से ज्ञान को बढ़ाना और टीबी की रोकथाम, निदान और उपचार में नवीनतम विकास पर चर्चा की गई। इस वर्ष के विश्व टीबी दिवस का विषय हाँ, हम टीबी को समाप्त कर सकते हैं, पूरे सत्र में गूंजता रहा। जिसमें टीबी को मिटाने के लिए सहयोगी प्रयासों के महत्व पर जोर दिया गया। सीएमई क्षेत्र के प्रख्यात विशेषज्ञों डा. विशाल चोपड़ा, डा. सुखवंत डब्ल्यूएचओ सलाहकार, डा. नितिन तांगरी के नेतृत्व में टीबी को लेकर गहनता से व्याख्यान दिये गये। कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी शामिल रही। जिसमें बैच-2021 के छात्रों ने टीबी के बारे में अपनी रचनात्मकता और जागरूकता दिखाई और विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए गए।



**भिवानी।** कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सक।



## पिहोवा पहुंची अखंड ज्योति यात्रा का किया भव्य स्वागत

**पिहोवा।** अखंड ज्योति कलश यात्रा के नगर में पहुंचने पर जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। पुरानी सब्जी मंडी के निकट नपा. प्रधान आशीष चक्रपाणि, सब्जी मंडी प्रधान सोनू नारंग, उपप्रधान श्याम सैनी सहित गणमान्य जनों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा के सरस्वती तीर्थ पर पहुंचने पर भारी संख्या में श्रद्धालु अखंड ज्योति कलश के समक्ष नतमस्तक हुए। नपा. प्रधान आशीष चकपाणि ने कहा कि इस अखंड ज्योति कलश यात्रा का उद्देश्य केवल धार्मिक आस्था को बढ़ावा देना नहीं, बल्कि समाज को सकारात्मक उत्थान की ओर प्रेरित करना भी है।

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र ने सौर ऊर्जा प्रौद्योगिकी विकसित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र ने सौर ऊर्जा प्रौद्योगिकी विकसित की है, जो 1.5 लाख करोड़ रुपया व्यापार अवसर को बढ़ावा देने और 2030 तक 500 जीडब्ल्यू भारत सौर ऊर्जा लक्ष्य को समर्थन देने के लिए है। डॉ. चंद्रशेखर एम, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कुरुक्षेत्र के मेकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रोफेसर ने रेत से बने कुल्हड़ का उपयोग करके एक प्राकृतिक वाष्पीकरण शीतलन प्रणाली विकसित की है।

यह प्रौद्योगिकी 30 जनवरी 2025 को भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद में गुजरात ऊर्जा इनोवेशन पुरस्कार 2024 में प्रदर्शित की गई और जीती। यह प्रौद्योगिकी प्रतिष्ठित मेहमानों को प्रस्तुत की गई, जिनमें जगदीश विश्वकर्मा, मंत्री, खादी, ग्रामीण और कुटीर उद्योग, गुजरात सरकार, प्रो. पद्मश्री अनिल कुमार गुप्ता, नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन, भारत सरकार, हनी बी नेटवर्क और गुजरात ग्रासरूट इनोवेशन ऑगमेंटेशन नेटवर्क के संस्थापक, और अन्य सम्मानित अतिथि, शोधकर्ता, उद्योगपति और नवप्रवर्तक शामिल थे, जो इस इनोवेशन प्रतियोगिता में भारत और विदेश से भाग ले रहे थे। डॉ. चंद्रशेखर एम को 16 में से 11 पेटेंट मिले हैं, उनके पास 2 प्रायोजित अनुसंधान परियोजनाएं हैं, 4 पीएच.डी., 24 एम.टेक छात्रों को मार्गदर्शन किया है और सौर ऊर्जा पर 19 जर्नल प्रकाशन हैं। उन्होंने अंतरिक्ष हीटिंग, जल हीटिंग, सोलर ओवन और खाना पकाने के लिए सौर प्रौद्योगिकियां भी विकसित की हैं।

## नवयुग स्कूल में टीचर्स के लिए ट्रेनिंग सैशन का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



- स्कूल में नैतिकता की शिक्षा बच्चों को सही और गलत के बीच अंतर समझने में करती मदद : शालू शर्मा

नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में टीचर्स के लिए ट्रेनिंग सैशन का आयोजन किया गया जिसका विषय एथिक्स एंड इंटीग्रेशन रहा। सैशन का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर बीडी गाबा एवं रिसोर्स पर्सन शालू शर्मा द्वारा माता सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

शालू शर्मा ने बताया कि कहा कि एथिक्स यानी नैतिकता, मानकों का एक समूह होता है जिससे यह तय होता है कि क्या सही है या गलत। यह दर्शन की एक शाखा है। एथिक्स को नीतिशास्त्र, आचारनीति, नीतिदर्शन, या आचारशास्त्र भी कहा जाता है। स्कूल में नैतिकता की शिक्षा बच्चों को सही और गलत के बीच अंतर समझने, अच्छे निर्णय लेने और एक बेहतर समाज के निर्माण में मदद करती है। कक्षा में नैतिकता का एक महत्वपूर्ण तत्व अनुशासन है। अनुशासन एक सुरक्षित, न्यायसंगत, सकारात्मक शिक्षण वातावरण बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। यह यह सुनिश्चित करने में भी मदद करता है कि छात्र सम्मान, जिम्मेदारी, सहयोग, ईमानदारी और दृढ़ता जैसे अच्छे चरित्र गुणों को प्राप्त करें और उनका अभ्यास करें। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर बीडी गाबा, प्रबंधक विकास गाबा, उप प्रधानाचार्या रिद्धिमा, मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा, अध्यापिका मंजीत आदि मौजूद रहे।

### ललित कला विभाग में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

# कला के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं: वीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**भिवानी।** दीप प्रज्जवलित कर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा। फोटो : हरिभूमि

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि समकालीन परिप्रेक्ष्य के साथ जोड़कर कला के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। ऐसे प्रयास भारतीय कला को वैश्विक स्तर पर अधिक पहचान दिलाने में सहायक हैं। वे शुक्रवार को कुरुक्षेत्र विवि ललित कला विभाग द्वारा ह्यसमकालीन भारतीय कला और वैश्विक कला बाजार पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।

कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि हरियाणा की लोककला सांझी को लोकप्रिय बनाने के कार्य करने की आवश्यकता है। यह बेहद बारीकी से चित्रण करने की कला है। यह रंगोली और पेंटिंग का मिला-जुला रूप है, लेकिन असल में इसका अलग ही महत्व है। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक कला परिदृश्य को वैश्विक कला विमर्श के एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन भारतीय कला की वैश्विक पहचान को मजबूती देने का एक प्रयास है। उन्होंने सम्मेलन के उद्देश्य पर संक्षिप्त प्रकाश डाला सम्मेलन में भारत सहित जापान, तुर्की, रूस और श्रीलंका जैसे कई देशों से 100 से अधिक प्रतिभागियों सहित डीन, प्राच्य विद्या संकाय डॉ. कृष्णा रंगा लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महा सिंह पूनिया, प्रो. विवेक चावला, डॉ. परमेश कुमार, डॉ. कुसुम, डॉ. मुकेंद्र कादियान, डॉ. जितेंद्र, डॉ. कुलदीप, डॉ. महावीर रंगा एवं विभाग के सभी शोधार्थी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### कला को बाजार की मांग के अनुसार प्रस्तुत करने की आवश्यकता: प्रोफेसर कविता सिंह

सम्मेलन की मुख्य वक्ता पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला के ललित कला विभागाध्यक्ष प्रोफेसर कविता सिंह ने कहा कि कला को बाजार की मांग के अनुसार प्रस्तुत करने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि समकालीन भारतीय कला को वैश्विक प्रदर्शनियों, द्विवार्षिक आयोजनों और नीलामी घरों में बढ़ती स्वीकृति मिल रही है। ललित कला विभाग के अध्यक्ष डॉ. गुरचरण सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

## यज्ञ-संस्कार भगवान को पूजा पद्धति में सबसे अधिक प्रिय है : अनिल वर्मा



**कुरुक्षेत्र।** पूजा करने की विभिन्न पद्धतियों के माध्यम से ईश्वर को प्राप्त किया जा सकता है लेकिन यज्ञ संस्कार से की गई पूजा ईश्वर को अति प्रिय है। यह कहना है भारतीय जनता पार्टी के कला एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक व भाजपा नेता अनिल वर्मा का। यज्ञ सम्राट स्वामी हरिओम जी से यज्ञ स्थल पर निर्मित कुटिया में आशीर्वाद लेने के पश्चात अनिल वर्मा ने कहा कि स्वामी हरिओम द्वारा जनकल्याण के उद्देश्य से भारत के विभिन्न राज्यों में अब तक 1008 कुंडीय 101 यज्ञ आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न करवाए जा चुके हैं और धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र को 102 वां 1008 कुण्डीय यज्ञ आयोजित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। अनिल वर्मा ने कहा कि स्वामी हरिओम के मार्गदर्शन में इस आयोजन की तैयारी लगभग दो माह पूर्व से ही चल रही थी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली, पूर्व मंत्री सुभाष सुधा भी इस आयोजन की सफलता हेतु पूरी रुचि ले रहे हैं। अनिल वर्मा ने कहा कि इस यज्ञ कार्यक्रम में पूरे राष्ट्र से यज्ञ- प्रेमी और सनातन- प्रेमी भक्तजन 1008 हवन कुंडों में आहुतियां डाल कर अपना जीवन धन्य और लोक- कल्याण की मंगल कामना कर रहे हैं। अनिल वर्मा ने कहा कि यज्ञ-हवन पूजा-पद्धति ईश्वर को इसलिए भी प्रिय है क्योंकि एक तो ये वेदानुसार किया जाने वाला ईश्वर प्राप्ति का मार्ग है दूसरा इससे वातावरण भी शुद्ध होता है।

## खबर संक्षेप

### शिकायतें सुनकर किया समाधान

**अंबाला।** उपायुक्त कार्यालय मे शुक्रवार को समाधान शिविर आयोजित किया गया। नगराधीश अभिषेक गर्ग ने समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए लोगों की समस्याओं को सुना और उन्होंने लोगों द्वारा प्राप्त होने वाली शिकायतों को अधिकारियों को मार्क करते हुए मौके पर ही उनका समाधान करवाया। उन्होंने सम्बंधित को निर्देश दिए कि आम नागरिकों द्वारा जिस भी विभाग से संबंधी जो भी शिकायतें प्राप्त होती है उनका वह प्राथमिकता के आधान पर समाधान करें।

### अंबाला में 20 अप्रैल को पहुंचेंगी साइकिल यात्रा

**अंबाला।** हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रम की श्रृखंला में हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा 5 अप्रैल को हिसार से ड्रग फ्री हरियाणा के तहत एक साइकिल यात्रा नशा मुक्ति के नाम थीम पर आधारित साईक्लोथोन - 2.0 का आगाज किया जाएगा। मुख्यमंत्री के कर कमलों से हिसार जिला से शुरू होने वाली यह साइकिल यात्रा नशा मुक्त हरियाणा के सार्थक संदेश के साथ अंबाला जिले में 20 अप्रैल दिन रविवार को प्रवेश करेगी। ओएसडी सीएम पंकज नैन ने इसको लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी गुरमीत सिंह को गिरफ्तार किया है। गांधी नगर के राहुल ने 19 मार्च 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि कोर्ट कांप्लेक्स में उसके चैंबर से किसी आरोपी ने लैपटॉप चोरी कर लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। आरोपी से लैपटॉप जब्त कर लिया गया है।

### ताला तोड़कर जेवर चोरी का आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी हरदीप सिंह उर्फ लक्की को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता महिला ने 27 फरवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 20 फरवरी 2025 को गांव उदयपुर में स्थित उसके घर का ताला तोड़कर सोना-चांदी जेवरात व नकद राशि चोरी हो गई है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### कुल्लड़पुर में वाल्मीकि चौपाल का शिलान्यास

**नारायणगढ़।** गांव कुल्लड़पुर में शुक्रवार को पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने वाल्मीकि चौपाल का शिलान्यास किया। यह चौपाल न केवल सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगी, बल्कि समाज के हर वर्ग को एकजुट करने में भी सहायक होगी। गांववासियों के मेल-जोल और सामूहिक आयोजनों के लिए यह स्थान विशेष रूप से उपयोगी साबित होगा। गांव के गणमान्य व्यक्तियों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों की भारी उपस्थिति रही। शिलान्यास समारोह के दौरान डॉ. पवन सैनी ने भगवान वाल्मीकि को श्रद्धापूर्वक नमन करते चौपाल की नींव रखी। कहा कि चौपाल सभी वर्गों के लिए सशक्त मंच बनेगी जहां लोग एकत्रित हो सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर सकेंगे।

---

### 13 महीने से वीरान पड़े शंभू बॉर्डर पर अब वाहनों ने रफ्तार पकड़ी

# होलसेल कपड़ा मार्केट के 250 करोड़ डूबे अब बॉर्डर खुलने पर मार्केट में बंटी मिठाई

**आसपास के ढाबे व पेट्रोल पंप हो गए थे वीरान, कई दुकानें हुई बंद, आवाजाही शुरू होने से दुकानदारों को फिर बहार लौटने की उम्मीद, कई गांव के लोगों को भी मिली राहत, वाहनों की लंबी लाइनो से थे परेशान**

हरिभूमि न्यूज ⏭अंबाला

13 महीने से वीरान पड़े शंभू बॉर्डर पर अब वाहनों ने पूरी रफ्तार पकड़ दी। दोनों लेन पर अब वाहन तेजी से दौड़ रहे हैं। इससे पहले वाहन चालकों को 20 किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय करना पड़ता था। उधर कूड़े में तब्दील हुए किसानों के शैड़ व टेंट उठाने का काम भी शुरू हो गया है। इन शैड़ों को जेसीबी के जरिए पूरी तरह से कबाड़ में तब्दील कर दिया गया है। उधर शंभू बॉर्डर पर ट्रैफिक पूरी तरह से बहाल होने से कारोबारियों ने भी राहत की सांस ली है। खासकर अंबाला की होलसेल कपड़ा मार्केट के दुकानदारों ने बॉर्डर खुलने से मिठाई बांटकर जश्न मनाया। दूसरी ओर किसानों ने शुक्रवार को कार्रवाई के विरोध में पंजाब के सीएम भगवंत मान का पुतला आग के हवाले कर नारेबाजी की। आरोप है कि मान की साजिश के वजह से किसानों को शंभू बॉर्डर से हटाया गया।



#### 500 करोड़ का हुआ नुकसान

शंभू बॉर्डर बंद होने का सबसे ज्यादा नुकसान अंबाला शहर की होलसेल कपड़ा मार्केट के दुकानदारों को हुआ। पूरे देश में कपड़े के लिए मशहूर इस मार्केट में पंजाब समेत कई राज्यों के कारोबारी व आम लोग खरीदारी के लिए आते हैं। 13 महीने से शंभू बॉर्डर बंद होने से पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर के कारोबारी यहां आना बंद हो गए थे। रास्ते बंद होने से कोई व्यापारी परेशान नहीं होना चाहता था। इसी वजह से पंजाब से आने वाले ग्राहकों ने भी अंबाला आना बंद कर दिया था। इससे होलसेल कपड़ा मार्केट को 500 करोड़ से ज्यादा का नुकसान होने की बात कही जा रही है। हालांकि बॉर्डर खुलने के बाद अब कारोबारियों को फिर से कपड़ा मार्केट में ग्राहकों की बहार आने की संभावना है। ज्यादातर कारोबारियों का कहना है कि नुकसान की भरपाई में बेहद समय लगेगा। शंभू बॉर्डर के बंद होने से आसपास के ढाबे व दुकानें भी बंद होने की कगार पर थी। यहां 75 फीसदी तक कारोबार खत्म हो चुका था।

#### ग्रामीणों को भी मिली राहत

शंभू बॉर्डर बंद होने का नुकसान कई गांवों के ग्रामीणों को भी उठाना पड़ा। दरअसल बॉर्डर बंद होने से वाहन चालकों को अंबाला शहर के छोटी घेल, बड़ी घेल, निजामपुर समेत कई गांवों में होकर गुजरना पड़ता था। वाहनों की लंबी लाइनों के कारण इन गांवों के लोग बेहद परेशान थे। भारी वाहनों की वजह से गांवों की ज्यादातर सड़कें टूट गई। वाहनों की वजह से इन गांवों में पूरे दिन धूल मिट्टी उड़ती रहती थी। कई बार ग्रामीणों ने रास्ते तक जाम कर दिए थे। मगर बाद में मजबूरी में उन्हें फिर से रास्ते खोलने पड़े। बॉर्डर खुलने से अब इन गांवों से वाहनों की आवाजाही भी बंद हो गई। इससे ग्रामीणों को भी राहत मिली। वाहनों की वजह से गांवों में हादसे भी हो रहे थे।



#### 75 प्रतिशत खत्म हो गया था

शंभू बॉर्डर बंद होने से आसपास के ग्रामीण भी बेरोजगार हो गए थे। यहां हलवाई की दुकान करने वाले देवी नगर के रघुबीर सिंह ने बताया कि बीते 13 महीने से शंभू सीमा बंद था। इसके कारण उनका काम 25 प्रतिशत रह गया है। यहां के रहने वाले रमेश कुमार ने बताया कि शंभू सीमा बंद होने के कारण गांव में वाहनों की आवाजाही अधिक होती थी। इसलिए रात के समय हादसों को खतरा रहता था। कई बार लोग चोटिल भी हो चुके हैं। पंजाब सीमा खुलने से उन्हें राहत मिलेगी। बाइक रिपेयर की दुकान चलाने वाले जीत कुमार ने बताया कि शंभू बॉर्डर बंद होने के कारण छोटे वाहनों का आवाजाही बंद हो गई थी। इस कारण उनका काम बहुत प्रभावित रहा। कई दिनों तक मजबूरी में उन्हें दुकान बंद भी रखनी पड़ी। अब उन्हें उम्मीद है कि उनका काम पहले की तरह चलेगा। यहां पेट्रोल पंप के प्रबंधक सुखबीर सिंह ने बताया कि शंभू बॉर्डर बंद होने के कारण उनका काम भी खत्म हो गया था। एक महीने में एक गाड़ी भी तेल की खपत नहीं हो पा रही थी। इस कारण उन्होंने पंप के कर्मचारियों में भी छंटनी कर दी। 14 कर्मचारियों में से अब सिर्फ तीन कर्मचारी ही पंप पर काम कर रहे हैं। घाटे की वजह से उसे खुद भी काम करना पड़ रहा था।

---

# ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर पच्चीस लाख का चूना लगाया

- पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया केस
- फ्लैट में बंधक बनाकर मारपीट करने का भी आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭मुलाना

ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर धुराला गांव के रहने वाले युवक को आरोपियों ने 25 लाख रुपए का चूना लगा दिया। आरोपियों ने नकली वीजा और फर्जी दस्तावेज तैयार कर न केवल युवक को गुमराह किया बल्कि उसे बंधक बनाकर भी रखा। पीड़ित नवजोत सिंह की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नवजोत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी दोस्त संपत से मुलाकात हुई थी। संपत ने ऑस्ट्रेलिया भेजने के लिए नवजोत की बात अपने रिश्तेदार सुखदर्शन वासी गावं रछेड़ी से की थी। उसने अपने अन्य साथियों जग्गी कॉलोनी के उदित धीमान, जसविंद्र सिंह उर्फ बिल्ला वासी पंजोखरा और विकास वासी गांव परैल के साथ मिलकर उसे विश्वास में लिया।

उन्होंने बताया कि हम चारों पार्टनर मिलकर जीआरपी इमिग्रेशन नाम से सेंटर चलाते हैं। तब आरोपियों ने बताया कि उनका ऑफिस अंबाला शहर के बलदेव नगर मे हैं। वे छात्रों व अन्य को विदेश भेजने का काम करते हैं। शुरुआती बातचीत के बाद आरोपियों ने नवजोत से कुल 25 लाख रुपये मांगे जिसमें से 5 लाख रुपये नकद लिए गए और 20 लाख रुपये राधा कृष्ण ट्रेड्रिंग कंपनी अनाज मंडी तलहेड़ी गुजरान के माध्यम से नकद जमा करवाए गए। नवजोत को बताया गया कि उसका वीजा जल्द ही आ जाएगा। उसने बताया कि इसके बाद आरोपियों ने उसे बताया कि उसका वीजा आ गया है। वह जल्द दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे। यहां पहुंचने पर आरोपियों ने उसे बताया कि वीजा डिले हो गया है। इसमें अभी समय लगेगा। जिसके बाद उसे वापिस लौटना पड़ा।

#### इमीग्रेशन एक्ट के तहत मामला दर्ज

आरोपियों ने नवजोत को बताया कि उसे फिजी होते हुए ऑस्ट्रेलिया भेजा जाएगा। जब नवजोत 15 मई 2024 को फिजी पहुंचा तो वहां के अधिकारियों ने उसकी टिकट को फर्जी करार देते हुए उसे हिरासत में ले लिया। यहां उसे एक दिन जेल में भी रखा गया। बाद में उसे भारत वापस भेज दिया गया। इसके लिए उसे स्वयं के पैसों से टिकट लेनी पड़ी। भारत लौटने के बाद भी आरोपियों ने उसे अपने फ्लैट में बंधक बनाकर रखा और बार-बार झूठे आश्वासन देते रहे। आरोपी समुद्र के रास्ते 10 लाख रूपए में विदेश भेजने की बात कहने लगे लेकिन तब उसने मना कर दिया। पीड़ति का आरोप है कि जब उसने आरोपियों से पैसे वापिस मांगे तो उसे जान से मारने की धमकियां देनी शुरू कर दी। अब पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ धारा 406, 420, 120-बी और 24 इमीग्रेशन एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस की मानें तो आरोपियों को जल्द ही काबू किया जाएगा।


---

# अवैध खनन में संलिप्त दो वाहन जब्त, प्रशासन हुआ और सख्त

- राज्य सरकार के निर्देश पर जांच टीम की ओर से लगातार की जा रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭नारायणगढ़

खनन विभाग द्वारा गांव संगरानी के पास से गुजरने वाली रुण नदी में अवैध खनन के आरोप में एक जेसीबी मशीन व ट्रैक्टर ट्रॉली को को जब्त किया है। खनन निरीक्षक सोनू कुमार ने बताया कि अवैध खनन को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय है। खनन विभाग ने अवैध रूप से खनन एवं अवैध परिवहन में लगी एक जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकडक़र सीज किया है। यह कार्रवाई क्षेत्र में अवैध खनन को रोकने और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के लिए की गई है। बता दें कि सरकार के निर्देशानुसार उपमंडल में अवैध खनन पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के लिए नियमित रूप से औचक निरीक्षण किया जा रहा है। माइनिंग विभाग, इंफोर्समेंट , पुलिस तथा आरटीए विभाग द्वारा लगातार निगरानी रखते नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। निरीक्षक सोनू कुमार ने बताया कि हरियाणा खनन एवं भू-विज्ञान विभाग के महानिदेशक के. मकरंद पांडुरंग के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध खनन तथा खनिज परिवहन को लेकर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।



**नारायणगढ़।** जांच टीम द्वारा जब्त किए गए वाहन। *फोटो: हरिभूमि*

---

# पुलिस डीएवी स्कूल में शूटिंग रेंज स्थापित

- आईजी बोले-अब नेशनल व इंटरनेशनल स्तर पर आएंगे मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭अंबाला

अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को नवनिर्मित शूटिंग रेंज का उद्घाटन आईजी अंबाला रेंज शिवास कविराज द्वारा किया गया। अवसर पर उन्होंने बताया कि शूटिंग एक ऐसा खेल है जिसमें सटीकता और एकाग्रता बेहद ज़रुरी है। फिर भी यह खेल मानसिक और शारीरिक रूप से काफी चुनौतीपूर्ण है। इसमें बहुत शारीरिक गतिविधियों की जरूरत होती है जो बाहर से दिखाई नहीं देती। पिछले कुछ सालों में ओलंपिक खेल की शूटिंग स्पर्धा में भारत काफ़ी सफल रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूल के विद्यार्थी इस शूटिंग रेंज का पूरा लाभ उठाए और इस खेल में अपना प्रतिभा को निखारें । उन्होंने कहा कि इस खेल में आगे बढ़कर मेडल और ट्रॉफी जीतकर स्कूल का नाम नेशनल और इंटरनेशनल लेवल तक आगे बढ़ाएं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. विकास कोहली ने बताया कि पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में शिक्षा, खेलकूद व अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों का सदा से ही सामंजस्य स्थापित किया जाता है। ताकि विद्यार्थियों का चंहुमुखी विकास किया जा सके। इस विद्यालय में विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के लिए उन्हें भरपूर अवसर प्रदान किए जाते हैं। इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए स्कूल मे बच्चों के लिए शूटिंग रेंज के खेल को प्रारंभ किया गया है ताकि बच्चे इस खेल में भी आगे बढ़े और स्कूल का नाम रोशन करें।



**अंबाला।** शूटिंग रेंज में निशाना साधते आईजी शिवास कविराज। *फोटो: हरिभूमि*

#### ये रहे मौजूद

अवसर पर एसपी सुरिंद्र सिंह भौरिया , मनप्रीत सिंह ए एसपी कुरुक्षेत्र , डीएसपी रजत गुलिया तथा शूटिंग कोच अभिषेक राणा व गौरव सैनी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

---

# समाजसेवा के कार्यों में भाग लेने का आह्वान

- संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स महाविद्यालय की ओर से आयोजित शिविर का समाप्न

हरिभूमि न्यूज ⏭बराड़ा

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) कैंप का समापन दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. इंदु विज ने वालंटियर्स को संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक सेवा केवल सात दिनों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए बल्कि इसे जीवनभर अपनाना चाहिए। उन्होंने छात्रों को आगे भी समाजसेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस ऑफिसर डॉ. पूजा बैरागी ने बताया कि कैंप के छठे दिन ब्रह्मकुमारी बहन सविता और बहन चेतना ने वालंटियर्स को शांतिपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा दी। इसके बाद वालंटियर्स ने झुग्गी-झोपड़ी के निवासियों से मिलकर उनकी समस्याओं को जाना और ब्रह्मकुमारी आश्रम का भ्रमण किया। समापन समारोह में एनएसएस वालंटियर्स को सात दिवसीय कैंप की गतिविधियों की वीडियो दिखाकर उनके प्रयासों की सराहना की गई। कार्यशाला की प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसमें वालंटियर्स ने अपने अनुभव साझा किए।



**बराड़ा।** समापन पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेती प्रतिभागी। *फोटो: हरिभूमि*

#### जसमीत बेस्ट वॉलंटियर

बैरागी ने वालंटियर्स के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना से ही समाज के साथ जुड़ने का अवसर मिलता है। दौरान जसमीत कौर को बेस्ट वॉलंटियर घोषित किया गया जबकि एक्टिव वॉलंटियर्स का खिताब कोमल और चेष्टा को मिला। स्टेज होस्ट लवीना व बेस्ट फोटोग्राफर सिमरनजीत कौर को घोषित किया गया। जसविंद्र को मोस्ट डिसिप्लिन वॉलंटियर व राजनंदनी को उत्सुक पर्यवेक्षक घोषित किया गया।

---

# अपने से बड़ों का आदर करना चाहिए

- डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित हुई ग्रेजूएशन सेरेमनी साथ में मनाया गया ग्रैंड पेरेंट्स डे

हरिभूमि न्यूज ⏭अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को जूनियर विंग के प्रांगण में कक्षा दूसरी का ग्रेजुएशन सेरेमनी कम ग्रैंड पेरेंट्स डे बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के छात्रों ने ग्रुप डांस परफॉरमेंस दी। ग्रैंड पेरेंट्स को अलग अलग गेम्स खिलाकर उनका मनोरंजन किया गया। ग्रैंड पेरेंट्स ने अपने ग्रेंड चिल्ड्रन के साथ अलग अलग गेम्स खेलकर अपना बचपन जिया। कक्षा दूसरी के छात्रों ने एक नाटक के जरिए यह संदेश दिया कि अपने बड़ों की सेवा करेंगे। उनके साथ रहेंगे। वृद्धाश्रम का रास्ता नहीं दिखाएंगे। इस नाटक को देखकर सभी उपस्थित गण भाव विभोर हो उठे। प्रधानाचार्य डॉ. आरआर सूरी द्वारा गेम्स विनर्स को अलग अलग उपहार देकर सम्मानित किया गया। बच्चों द्वारा स्कूल को वोट ऑफ़ थैंक्स दिया गया। अंत मे प्रधानाचार्य ने सभी ग्रैंड पेरेंट्स का धन्यवाद किया और छात्रों को संबोधित किया कि उन्हें अपने बड़ों का आदर करना चाहिए।



**अंबाला।** कार्यक्रम में हिस्सा लेते नन्हे छात्र। *फोटो: हरिभूमि*

---

# सूर्य नमस्कार करने से शरीर बनता है लचीला और मजबूत

## योग से व्यक्ति चिंता एवं तनाव मुक्त और मन रहता है शांत

हरिभूमि न्यूज ⏭शहजादपुर

- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खानपुर ब्राह्मणा में प्रति दिन करवाया जा रहा योग एवं प्राणायाम

योग से व्यक्ति चिंता एवं तनाव मुक्त रहता है और मन शांत रहता है। योग के महत्व को जान कर स्कूलों में भी योग के बारे में न केवल बताया जा रहा है बल्कि योग एवं प्राणायाम करवाया भी जा रहा है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खानपुर ब्राह्मणा में प्रति दिन प्रार्थना सभा में प्रिंसिपल राम भगत के दिशा-निर्देशानुसार पीटीआई राजकुमार द्वारा स्टाफ व बच्चों से सूर्य नमस्कार, वृक्ष आसन, ताड़ आसन, उत्कटासन एवं कुर्सी आसन के साथ प्राणायाम भी करवाए जाते हैं। छात्रों के उनके स्वास्थ्य पर पडऩे वाले लाभ के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी जाती है।

पीटीआई राजकुमार बताते है कि अगर हमें स्वस्थ रहना है तो हमें अपनी दिनचर्या में योग एवं प्राणायाम को शामिल करना होगा। उन्होंने कहा कि अकेले सूर्य नमस्कार में ही अलग-अलग प्रकार के आसन हो जाते है जोकि स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी हैं। सूर्य नमस्कार करने से कई तरह के फायदे होते हैं- यह शरीर को लचीला और मजबूत बनाता है। साथ ही, यह मानसिक शांति और आत्म-विश्वास भी बढ़ाता है। सूर्य नमस्कार से शरीर के सभी अंगों और मांसपेशियों की स्ट्रेचिंग होती है, यह मेटाबॉलिज़्म को बढ़ाता है।

---

### कार्यशाला में कैरियर को लेकर छात्रों को दी अहम जानकारी

# जीवन में सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारित करें

- विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं व कैरियर के लिए मेंटर की जरुरत

हरिभूमि न्यूज ⏭अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी महाविद्यालय में के कैरियर गाइडेंस व प्लेसमेंट सैल द्वारा रोजगार के लिए अपने आपको उभारें विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन और उपप्राचार्य डॉ. आरएस परमार ने कार्यशाला में उपस्थित मुख्यअतिथि महिंद्रा एजूकेशनल के मुखिया सतवीर धीमान व एमेटी यूनिवर्सिटी से आई ज्योति ठुकराल को पौधा भेंट कर स्वागत किया। प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन ने विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं, कैरियर के लिए मेंटर की आवश्यकता और अपनी स्किल को बढ़ाने पर विचार व्यक्त किए। कार्यशाला के संयोजक और कैरियर गाइडेंस व प्लेसमेंट सैल के इंचार्ज प्रोफेसर शांत कौशिक ने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कहा। मुख्य वक्ता सतवीर धीमान ने विद्यार्थियों को विभिन्न सरकारी जॉब के बारे में योग्यता, आयु सीमा और पाठ्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। ज्योति ने विद्यार्थियों से संवाद कर रोजगार के अवसर जैसे डाटा एनालिस्ट, सेल्स मैनेजर,फिंटेक टेक्नोलॉजी, इंटरव्यू स्किल्स के बारे में जानकारी दी।



**अंबाला।** मुख्यअतिथि को पौधा देकर अभिनंदन करते कॉलेज प्राचार्य व मौजूद शिक्षक व छात्र। *फोटो: हरिभूमि*

#### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में राजीव शर्मा, कैरियर हंट इंडिया एमडी मोहित गुप्ता, रीजनल मैनेजर मिलिंद भारद्वाज, रीजनल मैनेजर तरुण खुराना, एरिया सेल्स मैनेजर अजय मित्तल, एमपी गुप्ता, प्रोफेसर डॉ. चांद सिंह, डॉ. रेखा शर्मा, प्रोफेसर मोनिका शर्मा, डॉ. राजीव राणा, प्रोफेसर क्यूट खरबंदा, प्रोफेसर नीरज, प्रोफेसर प्रियंका मलिक, डॉ. दर्शन लाल, डॉ. प्रियंका चौधरी, प्रोफेसर सिम्मी सभरवाल, डॉ. सुभाष शर्मा, डॉ. सुखदेव सिंह, प्रोफेसर राजीव कुमार, प्रोफेसर पूजा आनंद व प्रोफेसर रीटा मौजूद रही।